दैनिक
# क्यूँ न लिखूँ सच
प्रातः कालीन
मुरादाबाद से प्रकाशित
बर्षः- 04
अंकः-134
मुरादाबाद
(Wednesday)
04 September 2024
पृष्ठः-8
मूल्यः- 3.00 रूपया
भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

## सशस्त्र सैन्य समारोह: सीएम योगी बोले- सशस्त्र बल मात्र रक्षा ढांचा नहीं, यह सुरक्षा की मजबूत नींव भी है

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सशस्त्र सैन्य समारोह में शिरकत की। कहा कि हमारे वीर जवान जनमानस के राष्ट्र नायक हैं। हमें गर्व है कि हमारे पास सक्षम और समर्पित सेना है।सशस्त्र बल केवल एक रक्षा ढांचा मात्र नहीं है बल्कि यह हमारी राष्ट्र की सुरक्षा की एक मजबूत नींव भी है, इसे हमें याद रखना चाहिये। हमारे वीर जवान अपनी जान की परवाह किए बगैर देश की सेवा में तत्पर रहते हैं। यही वजह है कि वह जनमानस के मन में राष्ट्र नायक के रूप में सम्मान प्राप्त करते हैं। हमें गर्व है कि हमारे पास ऐसी सक्षम और समर्पित



सेना है, जो हर स्थिति में देश की सुरक्षा करने में सक्षम है।भारत की सेना दुनिया की अद्वितीय सेना है, जिसने सदैव अपनी ताकत, अनुशासन और तकनीकी क्षमता का लोहा न केवल दुश्मनों को मनवाया है, बल्कि देश के अंदर भी सम और विषम दोनों परिस्थितियों में एक सकारात्मक भूमिका के साथ कार्य करते हुए अपना उत्कृष्टतम प्रदर्शन और सहयोग दिया है। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को सशस्त्र सैन्य समारोह में कही। उन्होंने कहा कि इस भव्य समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की एकीकृत कमान, जिसमें थल, नभ और जल तीनों सेनाएं आपसी समन्वय से आसानी से कैसे दुश्मन को परास्त कर विजय प्राप्त करती हैं, उसकी एक झलक हम सबने यहां देखी है। वीर सैनिकों और नारी के कल्याण के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही सरकार- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भारत के बहादुर सैनिकों की सजगता का ही परिणाम है कि आज विपरीत परिस्थितियों के बावजूद भारत पूरी मजबूती के साथ अपनी सीमाओं की सुरक्षा करने और बड़े से बड़े षड्यंत्र को असफल करने में सक्षम हुआ है। हमारे बहादुर जवानों का शौर्य और पराक्रम 140 करोड़ भारतवासियों को आश्वस्त करता है। यह हमारा सौभाग्य है कि उत्तर प्रदेश वीरों की भूमि है। देश की सुरक्षा के लिए हर युद्ध में हमारे नौजवानों ने महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने अपने शौर्य और पराक्रम से देश और प्रदेश का गौरव बढ़ाया है। सीएम योगी ने कहा कि प्रदेश सरकार सेवारत, सेवानिवृत्ति सैनिकों और वीर नारियों के कल्याण के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। देश की सीमाओं की रक्षा में अपने प्राणों की आहुति देने वाले सैनिकों के परिजनों को राज्य सरकार 50 लाख रुपये की अनुग्रह राशि, सैनिक परिवार के एक सदस्य को उत्तर प्रदेश शासन की शासकीय सेवा में समायोजित करने और शहीद सैनिक की स्मृति को जीवंत बनाए रखने के लिए उनके स्मारक के साथ उनके नाम पर किसी संस्था का नामकरण करने का कार्य भी कर रही है। पिछले 10 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत रक्षा उत्पादन के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए तेजी के साथ आगे बढ़ा है। फरवरी 2018 में लखनऊ में आयोजित आधुनिकतम उपकरण और तकनीक का विकास भारत की ही धरती पर होगा, जिससे हमारी सेवा और भी मजबूत होगी। राष्ट्र रक्षा के इन प्रयासों में उत्तर प्रदेश सदैव अग्रणी भूमिका का निर्वहन करेगा। उन्होंने कहा कि डिफेंस कॉरिडोर से प्रदेश के युवाओं को व्यापक स्तर पर रोजगार के अवसर भी सुलभ हो रहे हैं। प्रदेश की राजधानी लखनऊ में फरवरी 2020 में डिफेंस एक्सपो का सफल आयोजन किया गया। डिफेंस एक्सपो निवेश की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण सिद्ध हुआ। उत्तर प्रदेश में डिफेंस सेक्टर से संबंधित एचएएल, ऑर्डिनेंस फैक्ट्रियां, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड आदि पहले से ही कार्यरत हैं। वहीं इसके विस्तार को लेकर राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि सशस्त्र सैन्य समारोह हमारे समाज और युवा पीढ़ी को एक नई प्रेरणा प्रदान करेगा। सशस्त्र सैन्य समारोह के माध्यम से आम जनमानस को सेना के सामर्थ्य और देश की सुरक्षा में हमारे सैनिकों के महत्वपूर्ण योगदान को समझने का एक अवसर प्राप्त होगा। इसके लिए तीनों सशस्त्र बलों को हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं।

## संक्षिप्त समाचार

### कांग्रेस को मुंह की खानी पड़ी, सेबी प्रमुख माधबी पुरी के मामले में ICICI के जवाब पर भाजपा का तंज

बैंक ने बयान में कहा कि सेबी चीफ ने बैंक से 31 अक्टूबर, 2013 से रिटायरमेंट का विकल्प चुना था। बैंक में अपनी नौकरी के दौरान उन्हें बैंक द्वारा तय की गई नीतियों के अनुसार ही सैलरी, बोनस, इएसओपी और अन्य रिटायरमेंट बेनेफिट्स का लाभ मिला है। सेबी प्रमुख माधबी पुरी बुच के मामले में आईसीआईसीआई बैंक की सफाई सामने आने के बाद भाजपा ने कांग्रेस को आड़े हाथों लिया है। भाजपा ने कहा है कि कांग्रेस को एक बार फिर से मुंह की खानी पड़ी है। दरअसल कांग्रेस ने साल 2017 से लेकर 2024 के बीच माधबी पुरी बुच को आईसीआईसीआई बैंक से 16.80 करोड़ रुपये की आय होने पर सवाल उठाए थे। कांग्रेस ने इसे सेबी प्रमुख रहते हुए माधबी पुरी बुच पर आईसीआईसीआई बैंक में लाभ के पद पर रहने का आरोप लगाया था। कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने दावा किया कि माधबी पुरी बुच मार्च 2022 को सेबी की चेयरपर्सन बनीं, लेकिन सेबी चीफ रहते हुए भी वे तीन जगहों से सैलरी ले रहीं थी, जिसमें आईसीआईसीआई बैंक, आईसीआईसीआई प्रुडेंशियल और सेबी की सैलरी शामिल है। अब आईसीआईसीआई बैंक ने इसे लेकर बयान जारी किया है। बयान में बैंक ने कांग्रेस के आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया है। बैंक ने बताया है कि उसने माधबी पुरी बुच को उनके सेवानिवृत्ति के लाभ के अलावा किसी भी तरह की सैलरी या ईएसओपी नहीं किया है।

## सदस्यता अभियान: मुख्यमंत्री योगी ने ली भाजपा की सदस्यता, बोले- दल से बड़ा देश है

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भाजपा सदस्यता अभियान का शुभारंभ करते हुए कहा कि आमजन में भाजपा के लिए स्वत- स्फूर्त भाव से सम्मान है। लोग हमसे जुड़ना चाहते हैं पर विरोधियों के दुष्प्रचार के कारण वो हम तक नहीं पहुंच पाते हैं। ऐसे में हमें खुद उन तक पहुंचना होगा।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हम सब सौभाग्यशाली हैं कि हम सब दुनिया के सबसे बड़े राजनीतिक दल भारतीय जनता पार्टी के सदस्य के रूप में यहां सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं। हम पहले से ही सदस्य हैं लेकिन पुन: साधारण सदस्य के रूप में सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं। भारत के अंदर केवल भारतीय जनता पार्टी ही कैडर आधारित पार्टी है। यह पार्टी वर्तमान में पूरे देश में अपना सर्वव्यापी और समावेशी स्वरूप बनाने में सफल रही है। भाजपा कार्यकर्ता कह सकता है दल से बड़ा देश है। लखनऊ के विश्वेश्वरैया सभागार में




आयोजित भाजपा सदस्यता अभियान कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ ही प्रदेश के दोनों उपमुख्यमंत्रियों व भाजपा के पदाधिकारियों ने पार्टी की सदस्यता ली।उन्होंने कहा कि आमजन में भारतीय जनता पार्टी के प्रति स्वत: स्फूर्त भाव से सम्मान है। वह भाजपा से जुड़ना चाहता है पर जब हम उस तक नहीं पहुंचते हैं तो उसे निराशा होती है। हम सब इस कार्यक्रम के साथ लगेंगे और साधारण सदस्य के साथ सक्रिय सदस्य भी बनाएंगे। उन्होंने कहा कि राम काज कीन्हें बिना मोहि कहां विश्राम। हम गरीब के पास जाएं जहां प्रधानमंत्री आवास मिला है उसके साथ सेल्फी लें और दिखाएं तो वह खुश होगा। हाल ही में 60 हजार सिपाहियों की भर्ती प्रक्रिया पूर्ण की है। हम दो साल में दो लाख सरकारी नौकरी और एक करोड़ निजी क्षेत्र में नौकरी लेकर आने वाले हैं। 60 लाख नौजवानों को स्टार्टअप के जरिए एंटरप्रेन्योर और उद्यमी बनाने का काम करने जा रही है। आपको उन तक पहुंचकर उन्हें जोड़ना है क्योंकि उनके मन में सम्मान तो है पर संकोच भी है। जब विरोधी दुष्प्रचार फैलाते हैं तो उनके मन में संकोच होता है। हमें इसे दूर करना हैं। 25 सितंबर तक चलेगा पहले चरण का अभियान- इसके पहले, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने अपने संबोधन में कहा कि भाजपा का सदस्यता अभियान प्रारंभ हो चुका है। पहले चरण का अभियान 2 सितंबर से 25 सितंबर और दूसरे चरण का अभियान एक अक्तूबर से 15 अक्तूबर तक चलेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता आधारित पार्टी है। जनसंघ से लेकर भाजपा तक हमारे अभियान लगातार जारी हैं। लोग हमारी विचारधारा पर आरोप लगाते रहे पर हम आगे बढ़ते रहे। आज कश्मीर से कन्याकुमारी तक भाजपा का संगठन है। दक्षिण भारत में भी हमने अच्छा प्रदर्शन किया है और मजबूत ताकत बनकर उभरे हैं। इसके साथ ही भाजपा ने सदस्यता के लिए टोल फ्री नंबर 8800002024 और बारकोड जारी कर दिया है। इस नंबर पर मिस कॉल करके कोई भी भाजपा का सदस्य बन सकता है। कार्यक्रम में मौजूद सभी सदस्यों को एक साथ नंबर डायल कर सदस्यता दिलाई गई। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि आज हम लोगों की आकांक्षाओं को पूरा कर रहे हैं। भारत आज विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर बढ़ रहा है। हमने धारा 370, 35 ए और तीन तलाक जैसे विषयों पर काम किया है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को लक्ष्य देते हुए कहा कि हमें प्रत्येक बूथ पर कम से कम 200 सदस्य बनाने हैं।

## ममता बनर्जी अपराजिता टास्क फोर्स के गठन का एलान किया; शुभेंदु अधिकारी बोले- हम बस नतीजा चाहते हैं



ममता बनर्जी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और उन सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों के इस्तीफे की मांग की, जो महिलाओं की सुरक्षा के लिए प्रभावी कानून लागू करने में सक्षम नहीं हैं। बंगाल विधानसभा से दुष्कर्म विरोधी विधेयक पास हो गया है। इस दौरान सीएम ममता बनर्जी ने विधेयक को ऐतिहासिक बताया और कहा कि राज्य में विशेष अपराजिता टास्क फोर्स का गठन किया जाएगा, जिससे महिलाओं के खिलाफ अपराधों की जांच में तेजी आएगी। विपक्षी पार्टी भाजपा ने भी इस विधेयक पर सरकार का समर्थन किया, लेकिन कहा कि वह चाहते हैं कि जल्द से जल्द विधेयक को कानून बनाकर लागू किया जाए। भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि हम बस नतीजे चाहते हैं। जांच समय से पूरी करने लिए विशेष अपराजिता टास्क फोर्स का किया जाएगा गठन- अपराजिता महिला एवं बाल विधेयक (पश्चिम बंगाल आपराधिक कानून एवं संशोधन) विधेयक 2024 पर विधानसभा में चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि दुष्कर्म पीड़िता, उसके परिवार के प्रति मैं अपनी संवेदना प्रकट करती हूं। यह ऐतिहासिक विधेयक है। विधेयक का उद्देश्य त्वरित जांच, त्वरित न्याय और दोषियों को कड़ी सजा देना है। उन्होंने कहा, दुष्कर्म मानवता के खिलाफ अभिशाप है और ऐसे अपराधों को रोकने के लिए सामाजिक सुधारों की आवश्यकता है।% मुख्यमंत्री ने कहा कि इस विधेयक के प्रावधानों के तहत हम जांच को समयबद्ध तरीके से पूरा करने के लिए एक विशेष अपराजिता टास्क फोर्स का गठन करेंगे। जिससे तय समय में महिला-बाल अपराधों के मामले में जांच पूरी कर दोषियों को सजा दिलाई जा सकेगी। ममता बनर्जी ने प्रधानमंत्री और गृह मंत्री से मांगा इस्तीफा- बंगाल की मुख्यमंत्री ने कहा कि इस विधेयक के माध्यम से उनकी सरकार ने पीड़ितों और उनके परिजनों को न्याय दिलाने के लिए केंद्रीय कानूनों में मौजूद खामियों को दूर करने की कोशिश की है। साथ ही ममता बनर्जी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और उन सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों के इस्तीफे की मांग की, जो %महिलाओं की सुरक्षा के लिए प्रभावी कानून लागू करने में सक्षम नहीं हैं। मुख्यमंत्री ने अपराजिता महिला-बाल विधेयक को ऐतिहासिक बताते हुए अन्य राज्यों के लिए भी इस विधेयक को आदर्श बताया। विधेयक पर चर्चा के दौरान भाजपा विधायकों ने सीएम ममता बनर्जी से इस्तीफे की मांग की। इस पर नाराजगी जाहिर करते हुए सीएम ने कहा कि %क्या होगा अगर मैं भी उन्हीं कारणों से प्रधानमंत्री और गृह मंत्री के खिलाफ नारे लगाऊं, जिन कारणों से आप मेरे खिलाफ नारे लगा रहे हैं। उत्तर प्रदेश और गुजरात में ज्यादा होते हैं महिला अपराध- ममता बनर्जी ने दावा किया कि उत्तर प्रदेश और गुजरात जैसे राज्यों में महिलाओं के खिलाफ अपराध दर असामान्य रूप से अधिक है, जबकि पश्चिम बंगाल में प्रताड़ित महिलाओं को अदालतों में न्याय मिल रहा है। ममता बनर्जी ने कहा कि महिला अपराधों की रोकथाम के लिए बनाए गए केंद्र सरकार के कानून बीएनएस बनाते समय बंगाल से परामर्श नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि नई सरकार के गठन के बाद वह इस पर चर्चा चाहते थे। उन्होंने विपक्ष से कहा कि वे राज्यपाल से बिना देरी किए विधेयक पर हस्ताक्षर करने के लिए कहें। %हम नतीजा चाहते हैं- विधेयक पर चर्चा के दौरान भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि %हम चाहते हैं कि दुष्कर्म विरोधी यह विधेयक तुरंत लागू होना चाहिए। यह राज्य सरकार की जिम्मेदारी है। हम नतीजा चाहते हैं। हम इस मुद्दे पर कोई बंटवारा नहीं चाहते, हम पूरी तरह से आपका समर्थन करेंगे और मुख्यमंत्री जो चाहें वो कह सकती हैं, लेकिन आपको यह गारंटी देनी होगी कि यह विधेयक तुरंत लागू किया जाएगा।

## 69000 शिक्षक भर्ती: अभ्यर्थियों ने मंत्री के आवास का किया घेराव, तेज धूप और गर्मी के कारण चार की तबीयत बिगड़ी

69000 शिक्षक भर्ती के अभ्यर्थियों ने यूपी सरकार के मंत्री आशीष पटेल के आवास का घेराव किया और हाईकोर्ट के आदेश के अनुरूप नियुक्ति की मांग की। इस दौरान चार अभ्यर्थियों की तबीयत बिगड़ गई। सभी को पुलिस वाहन से अस्पताल भेजा गया।69000 शिक्षक भर्ती में हाईकोर्ट के आदेश के अनुरूप नियुक्ति की मांग को लेकर अभ्यर्थियों ने यूपी सरकार के मंत्री आशीष पटेल और केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल के आवास के बाहर प्रदर्शन किया। अभ्यर्थियों की मांग है कि नियुक्ति की सूची जल्द जारी की जाए और ओबीसी अभ्यर्थियों को उनका हक मिले।प्रदर्शन के दौरान तेज



धूप और गर्मी के कारण चार अभ्यर्थियों की तबीयत बिगड़ गई। जिसमें बस्ती की पूजा जायसवाल, गोरखपुर की प्रिया कुमारी, आजमगढ़ की राजबहादुर और जौनपुर के परमेंद्र यादव हैं। उन्हें पुलिस ने अपने वाहन से अस्पताल भेजा है। मंत्री आशीष पटेल के आवास के बाहर धरना प्रदर्शन अभी भी जारी है। अभ्यर्थी अपनी मांगों को लेकर यहां डटे हुए हैं।धरना प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे अमरेंद्र पटेल ने बताया कि सोमवार को उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के आवास के घेराव के दौरान एक अभ्यर्थी मोहम्मद इरशाद को दिल का दौरा पड़ने से तबीयत खराब हो गई थी। इरशाद का अभी भी एक निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है।अभ्यर्थियों ने यह भी मांग की है कि पहले जिन अधिकारियों ने सूची बनाई थी उन्हें हटाया जाए और नई सूची बनाने का काम नये दूसरे अधिकारियों को दिया जाए। अपनी इन्हीं मांगों को लेकर अभ्यर्थी लगातार प्रदर्शन कर रहे हैं। इसके पहले सोमवार को अभ्यर्थियों ने उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के आवास का घेराव किया।

## संपादकीय Editorial

# To reduce the crowd

The reason for reducing the crowd is like the need to rewrite the urban structure of Himachal.

After Virbhadra Singh, the Sukhu government has given this message that some offices from the capital will be sent to the district headquarters. Shanta Kumar government had sent many offices of the electricity department to Sundarnagar, while Virbhadra Singh had created North, South and Central zones and shifted the regional offices and some headquarters of the departments.

Prem Kumar Dhumal had created another zone of regional offices of the state and increased their number in Hamirpur. Of course, the capital was divided in Shimla and from these emerged the winter stay of the Chief Minister in the lower regions, the winter session in Tapovan and the journey of the winter capital to Dharamshala. Once again the burden of crowd will be taken out of Shimla's arms.

This is possible if there is no war of the skies on the path of the city, otherwise the destinations of power become political crowd.

It will also have to be seen that the crowd taken from Shimla proves useful to become the property of which city. For example, if the Agriculture University is in Palampur, then the Directorate of Agriculture Department can be there. Similarly, the Medical Directorate along with the Medical University Mandi and the Horticulture Directorate due to Solan University can be shifted there.

As the school board is an education and sports city, departments like education, sports, youth services, language and art-culture and tourism can be sent to Dharamshala.

To give the status of the state's economic capital to the BBN region, the relevance of the offices of Industry, Pollution, Finance Corporation and Industrial Development Corporation increases there. Along with this, the headquarters of the state level financial institutions of the banking sector should be shifted to BBN.

The government should also play an important role in fulfilling the decades old demand of opening a circuit bench of the High Court of Shimla in Dharamshala. The status of capital given to Shimla raises the flag of its historical heritage, hence development has to be done here on the lines of 'State Capital Region'.

The Waknaghat project, which has been pending for years, should now be developed in accordance with the future of Shimla. Of course, a way is being devised to free Shimla from the crowd, but there is a need to reduce the pressure of temple complexes, tourist places, increasing traffic compulsions and transportation in the crowd. Space for new offices can be created by setting up employee towns between two or three cities in the state. Shifting offices from Shimla will not reduce the crowd in the state. We should remember that the wait for the arrival of five crore tourists will once again fill the ridge, roads and tourist spots of Shimla. In such a situation, before improving the role of every city, the offices of the departments will have to be shifted after classifying its basic behavior. For example, the expansion of Solan is becoming a haphazard shelter for the people of Shimla, Kinnaur and Sirmaur. Bhuntar to Manali is becoming the abode of the people of Lahaul-Spiti and Pangi, so there is a need to address every issue of urbanization.

# Monsoon and snakes: Snakebite havoc in India and rural population struggling with snakes

According to the report of the Central Health Investigation Bureau (2016-2020), the average annual frequency of snakebite cases in India is about 3 lakhs and about 2000 deaths occur due to snakebite. While the truth is that no one has the actual number of deaths due to snakebite in India, the sight of a snake sends a shudder through the body. This natural reaction of humans can be understood as to how dangerous a snake hiding in bushes, grass and burrows is. During these rainy days, it is the season for cultivation of paddy etc. and this is the most risky time for snakebite. In fact, snakebite incidents mostly occur in rural areas. Common farmers or agricultural workers and children are most affected by this. Children often suffer more severe effects than adults, as their body weight is smaller. Bites from poisonous snakes can cause short-term death, paralysis, breathing problems, fatal bleeding from bleeding disorders, irreversible kidney failure, permanent disability from tissue damage and amputation. This problem is mainly of developing countries and especially of agrarian rural and forest tribes. This problem not only creates a health crisis but also has social and economic impact. But this problem is not taken as seriously as other incidents of human-wildlife conflict at any level. Perhaps that is why half of the world's snakebite deaths occur in India - According to the World Health Organization's estimate, 50.40 lakh people are bitten by snakes every year worldwide and 81,410 to 1,37,880 people die from snakebite and lakhs of people suffer from disability and other serious diseases. This figure of India is even more shocking. However, there is a huge difference in the figures of the Union Health Ministry, World Health Organization and National Crime Records Bureau on snakebite. Yet, according to the details released by the government at the time of the launch of the National Action Plan for Prevention and Control of Snakebite Deaths in India on 12 March 2024, out of about 3-4 million snakebites every year, about 50,000 deaths occur in India, which is half of all snakebite deaths globally. Meanwhile, only a small proportion of snakebite victims report to clinics and hospitals in different countries and the actual burden of snakebite is very under-reported. According to the Central Bureau of Health Investigation report (2016-2020), the average annual frequency of snakebite cases in India is about 3 lakh and about 2000 deaths are due to snakebite. While the truth is that no one has the actual number of snakebite deaths in India, because these incidents mostly occur in rural areas and forest settlements and people waste time on witchcraft and home remedies for snakebite. If the snakebite is not treated on time, the person bitten by the snake loses his life. As the cases do not reach the police and hospital, they are not reported. Monsoon season is the most risky - The monsoon season in India, which usually runs from June to September, is the most vulnerable period for snake bites. Monsoon brings heavy rainfall. Heavy rainfall destroys the habitats of snakes and fills their burrows with water. This causes snakes to move into human-inhabited areas in search of food and shelter. Monsoon season is also the best time for agricultural activities. Farmers and labourers working in the fields may inadvertently come in contact with snakes that are taking shelter under tall grass or debris. It is believed that high levels of humidity during monsoon can make snakes more active. This is because warmer, wetter conditions can increase prey availability, leading to greater snake activity. Human encroachment on snake habitats - As India's population grows, human-snake conflict is on the rise, just like other human-faunal conflicts, for survival. Human habitation expansion encroaches on natural habitats. This increased contact between people and snakes increases the likelihood of snake bites, especially in rural and semi-urban areas. Experts believe that climate change is also affecting the behaviour and distribution of snakes. For example, warmer temperatures and altered rainfall patterns can expand the habitats where snakes live and increase their activity. Loss of forest areas due to deforestation and agricultural expansion is forcing snakes to migrate into human settlements in search of food and shelter. This delay in treatment leads to increased mortality, as access to timely medical help and antivenom is limited in many rural areas. National Action Plan to Prevent Snakebite In view of this serious problem, the Government of India has launched the National Action Plan to Prevent and Control Snakebite Deaths, whose vision and mission is to prevent and control snakebite deaths to reduce the number of deaths and disability cases by half by 2030. But the real solution to this deadly problem is to be cautious and learn the art of living with nature. Not only this, we should not forget that Snakes are not our enemies in principle. They do not attack without being provoked. In some ways, they are not the enemy of the farmer but his friend. If there are no snakes, the rats will destroy the crops. According to Wildlife SOS, about 300 species of snakes from 11 families are found in India, out of which more than 60 are poisonous, 40 are mildly poisonous and about 180 are non-poisonous. Among these, species like cobra, Russell and wasp are extremely dangerous and poisonous. Whereas hundreds of non-poisonous species of snakes are killed without any reason. Caution is the biggest protection. Snakes do not attack like other dangerous creatures, so caution is the only safe way to avoid them. Snakes are usually hidden, so you need to be cautious wherever you go, especially around grass, bushes, and loose rocks. While going to such areas, you should wear long pants and strong shoes, this can protect your skin from snake bites. Snakes are usually active at night. Special care is needed while going out at night. Farmers should take care that when they are carrying heavy grass or wood, first make sure that there is no snake inside. People should know about the species of local snakes and identify them so that you can take quick decision for medical help in case of emergency. Similarly, one should not enter bushes or grass without any reason. If you see a snake, do not provoke it or attack it. Snakes bite only in self-defense. If a snake has bitten, do not try to treat it yourself, such as cutting or sucking the wound. This can worsen the situation. Importantly, do not use any home remedy or medicine for snake bite. Use only doctor's advice and antivenom and get immediate medical help as soon as possible.

# Rape and Court: Delayed justice in cases of violence against women and the sensitivity of the President

The President has given expression to the pain of the common man. If we link his speech to the incident of blackmailing and raping famous students of Ajmer, then the situation looks even more horrific than what the President is pointing to. When immediate justice is not given in cases like rape, people lose faith. It is important to change the culture of dates after dates in courts and ensure speedy justice. President Draupadi Murmu said these things at the closing ceremony of the National Conference of Judiciary. It was organized in New Delhi on the 75th anniversary of the Supreme Court. She said that when the court's decision in cases like rape comes after a generation, then the common man feels that there is no sensitivity left in the process of justice.The President has given expression to the pain of the common man. If we link his speech to the incident of blackmailing and raping famous students of Ajmer, then the situation looks even more horrific than what the President is pointing to. In Ajmer, about 34 years ago, more than 100 school girls were blackmailed and raped. It is said that the names of many people associated with the Ajmer Sharif Dargah Committee also came up in this. That is why the police did not take interest earlier. Cases were registered after the agitation. After 32 years, just a month ago, the court there gave its verdict. This natural question will arise in everyone's mind that what was the court doing for 32 years? Can the court's verdict be called justice? This is a mockery of justice. It is a mockery of those victimized girls. Why should it not be believed that by delaying the verdict, influential rapists were given protection? This is the situation in all cases including rape. Courts just




give dates after dates. They do not feel even a little shame in this. From the Chief Justice to the judges of the lower courts, everyone keeps crying about pending cases. But the truth is that the working style of the judges is responsible for the cases being pending. Long dates are given even in minor cases. Cases are deliberately kept pending. More than 5 crore cases are pending in various courts of the country. It has to be said with regret that only the officers sitting in the courts are responsible for this. The courts are not serious even on serious crimes like rape and murder. This is the reason why the sentence was pronounced after 32 years in the Ajmer rape case. In the famous Nirbhaya case, the culprit could be hanged after 12 years. Delay in sentencing is also a big reason behind the increasing incidents of rape in the country. The rapist knows that he can drag the case for as many years as he wants. Meanwhile, the case is weakened by threatening the victim and finally the rapist is acquitted. It cannot be denied that the slowness of the court increases the courage of the criminals. Along with this, the fear of law also ends. According to NCRB, one rape is taking place every 16 minutes in the country and 50 criminal incidents are taking place against women every hour. Every day 86 rapes are reported in the country. 63 percent rapes are not registered. 10 percent rapes happen with minors. In 89% of the cases, the rapist is known. The investigation in a rape case has to be completed within 2 months. But the police does not do this. The Nirbhaya case was tried in a fast track court, but it still took 12 years to hang the culprits. In this light, why not believe that today the courts stand with the culprits, not with the victims? This is a shameful situation for any civilized society. Will President Draupadi Murmu's words awaken the conscience of the judges? Can it be expected that the working style of courts of adjourning cases will improve? Will the verdict in rape and murder cases come within a year? Or will what is heard from one ear go out from the other? Like His Excellency the President, lakhs of victims and exploited people of the country are looking at you with great hope. M' Lord, do something! Just adopting a new flag and a new symbol will not do anything unless the working system is new.

# छह दिन बाद जिले में लौटे सीएचओ, शुरू किया स्वास्थ्य सेवा कार्य

मुरादाबाद। सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी ( सीएचओ ) लखनऊ में छह दिनों के धरना-प्रदर्शन के बाद मंगलवार को अस्पताल लौट आए हैं। जन आरोग्य मंदिरों पर उनकी उपस्थिति है। यहां वह रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर रहे हैं। यही नहीं, जननी सुरक्षा योजना, नियमित टीकाकरण व अन्य



स्वास्थ्य संबंधी तमाम योजनाओं की प्रगति के आंकड़ों की पोर्टल पर फीडिंग भी शुरू कर दी है। बड़ी बात ये है कि वह लोग अटेंडेंस मैनेजमेंट सिस्टम ( एएमएस ) पर हाजिरी भी देने लगे हैं। अभी तक सीएचओ एएमएस पर बदलाव होने से उसका विरोध कर रहे थे। अब इनकी हाजिरी में आंख का रेटिना स्कैन होने पर उपस्थिति दर्ज होने के निर्देश हैं। इसी बात का ये लोग विरोध कर रहे हैं। फिलहाल, सीएचओ का राज्य स्तर पर चल रहा धरना सोमवार को स्थगित हुआ है। उप्र एसोसिएशन ऑफ कम्युनिटी हेल्थ ऑफीसर्स के पूर्व प्रदेश महामंत्री मुकेश चौधरी और जिलाध्यक्ष जितेंद्र सिंह का कहना है कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की निदेशक डॉ. पिंकी जोवल ने मांगों के संबंध में पत्र शासन को भेजा है। उन्होंने भरोसा दिया है कि आप ( सीएचओ ) लोग काम पर लौट जाओ, अब शासन को मांगों के संबंध में प्रस्ताव भेज दिया गया है। जिसके स्वीकृत होने पर आपके लिए अतिरिक्त व्यवस्थाएं की जाएंगी। मुकेश चौधरी ने बताया कि जिले में 255 हेल्थ एवं वेलनस सेंटर है, जो 5,000 से लेकर 10,000 तक की आबादी क्षेत्र पर प्रत्येक सेंटर स्थापित है। उन्होंने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र में नेटवर्किंग की इतनी अधिक समस्या है कि ऑनलाइन पोर्टल पर काम करना तक मुश्किल रहता है। उनकी अन्य मांगों में वेतन विसंगति और स्थानांतरण के बिंदु भी शामिल हैं। एएमएस पोर्टल पर हाजिरी से लेकर नियमितीकरण, समान वेतन, ईएल की व्यवस्था, स्वेच्छिक स्थानांतरण से संबंधित मांगे हैं। जिलाध्यक्ष जितेंद्र सिंह ने बताया कि उनके संगठन की तरफ से 17 अगस्त को मुख्यमंत्री को संबोधित मांग पत्र में स्पष्ट किया था कि यदि उनकी मांगे 20 तक पूरी न हुईं तो वह लोग आंदोलन को विवश होंगे। इसलिए उन लोगों ने पहले काली पट्टी बांधकर और फिर ऑनलाइन स्ट्राइक कर सांकेतिक विरोध जताया था। लेकिन, इसके बाद भी जब उनकी नहीं सुनी गई तो वह लोग लखनऊ में जाकर धरना-प्रदर्शन करने को विवश हुए। इन सीएचओ की नाराजगी का नतीजा यह हुआ कि किट के माध्यम से डेंगू, मलेरिया, शुगर, फाइलेरिया आदि 14 प्रकार की जांच और विभिन्न योजनाओं के आंकड़े जो पोर्टल पर दर्ज किए जाते हैं, यह कार्य बाधित हो गया था। इससे रोगियों व ई-संजीवनी, यूडीएसपी पोर्टल ( डेंगू, मलेरिया आदि की जांच के आंकड़े ) भी प्रभावित हुआ और स्टेट की रेटिंग पर असर पड़ने लगा था। 12 बजे तक 23 रोगियों का स्वास्थ परीक्षण- कांठ सीएचसी क्षेत्र के सीएचओ मुकेश चौधरी ने बताया कि उपकेंद्र पर सुबह से ही रोगियों की भीड़ लग रही है। दोपहर के 12 बजे तक 23 रोगियों की ओपीडी हुई थी। इस तरह शाम चार बजे तक करीब 100 रोगियों के स्वास्थ परीक्षण होने की उम्मीद है। आ रहे रोगियों में बुखार व शरीर दर्द की समस्या वाले रोगी अधिक हैं।कब-कब क्या हुआ?- 14 अगस्त से आंदोलन शुरू किया। ऑनलाइन हाजिरी देना बंद कर दिया था। 17 अगस्त को मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन डीएम व सीएमओ को दिया। 21 अगस्त को आंदोलन की गति बढ़ाते हुए ऑनलाइन कार्य करना भी बंद कर दिया था। 28 अगस्त को राजधानी में धरना देने को चले गए थे। 02 सितंबर को फिर से काम पर लौट आए हैं।

# मस्जिद के अंदर आपस में भिड़े नमाजी, जमकर चली बेल्ट और लात-घूंसे

मुरादाबाद। एक मस्जिद के अंदर नमाजियों के दो गुट आपस में भिड़ गए। भयंकर मारपीट का वीडियो तेजी के साथ सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में साफ नजर आ रहा है कि दर्जनों लोग एक दूसरे को बेल्ट से मार रहे हैं, जिसका भी मौका लग रहा है लात-घूंसे से हमला कर दे रहा है। वायरल वीडियो पकबड़ा



थाना क्षेत्र की मस्जिद का बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार करीब एक दर्जन लोगों के घायल होने की सूचना है। मामले का वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने संज्ञान लिया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# पुलिस मीडिया सेल प्रभारी की हृदय गति रुकने से मौत, अधिकारियों ने नम आंखों से दी सलामी

मुरादाबाद। पुलिस मीडिया सेल प्रभारी की अचानक हृदय गति रुकने से मौत हो गई। मौत की सूचना









मिलती ही परिवार में कोहराम मच गया है। वहीं पुलिस महकमें में शोक की लहर है। पुलिस लाइन में एसएसपी सहित आला अधिकारियों ने नम आंखों से सलामी दी।जानकारी अनुसार, निरीक्षक रमेश चंद्र शर्मा पुत्र स्वर्गीय रमाशंकर शर्मा गांव हसनगढ़ थाना जलेसर जनपद एटा के रहने वाले थे। वह 2000 बैच के भर्ती थे और पुलिस मीडिया सेल में तैनात थे। सोमवार रात अचानक उनकी तबीयत बिगड़ने के चलते पुलिस कर्मियों ने उन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया था, जहां मंगलवार सुबह हृदय गति रुकने के कारण मौत हो गई।

# बुर्का पहनकर प्रेमिका से मिलने पहुंचा प्रेमी, जूते बदलना भूल गया- लोगों ने बच्चा चोर समझकर पीटा

मुरादाबाद- प्रेमिका से मिलने के लिए लोग अजब-गजब तरीके अपनाने से नहीं चूक रहे हैं। रविवार को भोजपुर के पीपलसाना में दोपहर उस समय हंगामा हो गया जब मुहल्ले के युवकों ने पुरुष के जूते पहने



बुर्के में जा रही महिला को आवाज लगाई। चाल-ढाल से भी लोगों को शक हुआ था। महिला को आवाज लगाकर रोका तो उसने और तेज कदमों से आगे बढ़ना शुरू कर दिया। यह देख लोगों ने बच्चा चोर बच्चा चोर कहकर शोर मचा दिया। फिर क्या था मुहल्ले में भीड़ जुट गई। जूतों से हुआ लोगों को शक- बुर्का उतारने के लिए कहा तो उसने नहीं उतारा। इसी दौरान भीड़ में मौजूद युवकों ने उसका नकाब पकड़कर खींच लिया। लड़के के चेहरे पर दाड़ी देख कई लड़के एक साथ बोल पड़े अरे हमारे मुहल्ले के बच्चे चुराने के लिए घुसा है। जबकि बुर्का पहने युवक कहने लगा मैं अपनी प्रेमिका से मिलने के लिए आया था। उसके घरवालों के डर की वजह से बुर्का पहना था। लेकिन, कोई सुनने को तैयार नहीं था। बुर्का उतारने के लिए कहा तो उसने नहीं उतारा। इसी दौरान भीड़ में मौजूद युवकों ने उसका नकाब पकड़कर खींच लिया। लड़के के चेहरे पर दाड़ी देख कई लड़के एक साथ बोल पड़े अरे हमारे मुहल्ले के बच्चे चुराने के लिए घुसा है। जबकि बुर्का पहने युवक कहने लगा मैं अपनी प्रेमिका से मिलने के लिए आया था। इस बीच भीड़ में से लोगों ने उसके कई थप्पड़ रसीद कर दिए। इसी दौरान लोगों ने पुलिस को सूचना दे दी। पुलिस बुर्का पहने युवक को साथ ले गई। इसके पास से प्लास्टिक का खिलौने वाला नकली तमंचा भी मिला। पूछताछ में युवक ने अपना नाम चांद भूरा बताया। भोजपुर थाना प्रभारी रविंद्र कुमार ने बताया कि भीड़ से बचाकर लेकर आए थे। शांति भंग की धाराओं में उसका चालान कर दिया है।

# ठाकुरद्वारा के दो युवकों की बिजनौर में मौत, डंपर में करंट उतरने से हुआ हादसा, परिवारों में कोहराम

ठाकुरद्वारा के दो युवकों की बिजनौर में मौत, डंपर में करंट उतरने से हुआ हादसा, परिवारों में कोहरामठाकुरद्वारा के शरीफ नगर निवासी दो युवकों की जनपद बिजनौर के नूरपुर में डंपर से रेत



उतारते समय विद्युत लाइन के तारों की चपेट में आकर करंट लगने से मौत हो गई। हादसे की जानकारी मिलने के बाद दोनों परिवारों में कोहराम मच गया है। दोनों सोमवार की सुबह करीब सात बजे वहां डंपर से रेत उतार रहे थे तभी यह हादसा हो गया। लोगों ने बताया कि डंपर के पिछले हिस्से को उठाने के दौरान वह बिजली के तारों से टकरा गया। इससे दोनों की मौत हो गई।उनकी पहचान सुहैल ( 22 ) पुत्र मोहम्मद शाहिर और सैफुल ( 30 ) पुत्र तस्लीम है। मोहम्मद सुहेल डंपर मलिक का बेटा है। सैफुल मजदूरी करता था।






## संक्षिप्त समाचार

# जिलाधिकारी से मिलने पहुंचा समाजवादी पार्टी का प्रतिनिधिमंडल

मुरादाबाद। समाजवादी पार्टी का प्रतिनिधिमंडल जिलाधिकारी से मिलने कलेक्ट्रेट पहुंचा। इसमें पार्टी के विधायक नवाब जान खां, ग्रामीण विधानसभा के विधायक नासिर कुरैशी, कांठ विधायक कमाल




अख्तर, पूर्व सांसद डा. एसटी हसन, जिलाध्यक्ष जयवीर सिंह यादव आदि शामिल हैं। प्रतिनिधिमंडल ने चक्कर की मिलक स्थित पार्टी कार्यालय को लेकर वार्ता चल रही है।

# घर के कमरे में फंदे पर लटका मिला युवक का शव, जांच में जुटी पुलिस

मुरादाबाद। नागफनी थाना क्षेत्र के मोहल्ला बाग गुलाबराय निवासी अंजार अली हाशमी( 19 वर्ष ) पुत्र सय्यद नाजिम अली का शव घर के कमरे में संदिग्ध परिस्थितियों में लटका मिला। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। जानकारी के अनुसार मृतक अंजार अली का पिता सय्यद नाजिम अली हाशमी काफी लंबे समय से बाहर रहता है। अंजार अली घर में मां के साथ रहता था। थाना नागफनी प्रभारी उमाशंकर सिंह ने बताया कि सोमवार देर शाम के समय कमरे से दुर्गंध आने पर आसपास के लोगों को कुछ शक हुआ। जिसके बाद अंजार की मां को जानकारी देकर पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पुलिस पहुंची तो अंजार का शव फंदे पर लटका था और काफी दुर्गंध आ रही थी, जिससे ऐसा लग रहा है कि युवक ने एक-दो दिन पहले ही फांसी लगा ली थी। थाना प्रभारी ने बताया कि मौके पर फारेंसिक विभाग की फील्ड यूनिट बुलाकर जांच पड़ताल कराने के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दया गया है। परिवार की ओर से अभी तक किसी ने कोई शिकायती पत्र नहीं दिया हैं।

# डीएम ने एसडीएम के कार्यक्षेत्र में किया फेरबदल

मुरादाबाद। जिलाधिकारी अनुज सिंह ने उप जिलाधिकारियों के कार्यक्षेत्र में फेरबदल किया। डीएम ने ज्वाइंट मजिस्ट्रेट



कार्यालय ज़िलाधिकारी मुरादाबाद
Office of the District Magistrate
Moradabad
फोन नम्बर (0591) 2413016, 2413967

संख्या- 610 /सीए-डीएम-2024/4 दिनांक-सितम्बर 03 , 2024

**आदेश**

कार्यहित एवं जनहित में जनपद मुरादाबाद में तैनात निम्नलिखित ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/डिप्टी कलेक्टर्स/उप जिलाधिकारीगण को उनके नाम के सम्मुख अंकित पदों पर तैनात किया जाता है :-

| क्र०स० | नाम | वर्तमान तैनाती | नवीन तैनाती |
|---|---|---|---|
| 1 | श्री राम मोहन मीना I.A.S. | ज्वाइंट मजिस्ट्रेट, मुरादाबाद | उप जिलाधिकारी/ उप जिला मजिस्ट्रेट कांठ |
| 2 | श्री अजय मिश्र | उप जिलाधिकारी/ उप जिला मजिस्ट्रेट, कांठ | अपर नगर मजिस्ट्रेट – द्वितीय, मुरादाबाद |
| 3 | श्रीमती प्रीति सिंह | अपर नगर मजिस्ट्रेट – प्रथम, मुरादाबाद | उप जिलाधिकारी/ उप जिला मजिस्ट्रेट ठाकुरद्वारा |
| 4 | श्री संत दास पवांर | अपर नगर मजिस्ट्रेट – द्वितीय, मुरादाबाद | अपर नगर मजिस्ट्रेट – प्रथम, मुरादाबाद |

उक्त आदेश तत्काल प्रभावी होगा।

(अनुज सिंह)
जिलाधिकारी, मुरादाबाद।

आइएस राममोहन मीना को उप जिलाधिकारी कांठ बनाया है। कांठ के उपजिलाधिकारी अजय मिश्रा को अपर नगर अपर नगर मजिस्ट्रेट द्वितीय बनाया गया है। जिलाधिकारी ने बताया कि इसके अलावा अपर नगर मजिस्ट्रेट प्रथम प्रीति सिंह को उप जिलाधिकारी/ उप जिला मजिस्ट्रेट ठाकुरद्वारा और संत पंवार दास अपर नगर मजिस्ट्रेट द्वितीय को अपर नगर मजिस्ट्रेट प्रथम बनाया है। उन्होंने बताया कि बेहतर प्रशासनिक व्यवस्था के लिए कार्यक्षेत्र का नये सिरे से आवंटन किया है।


क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

# भारी बारिश मे पारा पुलिस चौकी बनी टॉपू , आमजन और कर्मचारी होते रहे परेशान

क्यूँ न लिखूँ सच -शैलेन्द्र राठौर

झाबुआ/पारा । सोमवार को नगर मे हुई भारी बारिश के कारण् पुलिस चौकी पारा् टॉपू बन् गई । जिससे जहा आमजन को अपनी शिकायतो के लिये् चौकी मे जाना मुश्किल हूआ् । वही स्टाफ को भी चौकी परिसर मे प्रवेश् के् लिये् काफी मशक्कत करना पडी। राणापुर रोड स्थित नव निर्मित पुलिस चौकी पारा पर् सोमवार को हुई भारी बारिश के कारण् टॉपू जेसे हालत बन गए् । गृह विभाग द्वारा निर्मित इस चौकी के पीछे और एक साईड मे नदी बहती है वही दुसरी तरफ पारा नगर की तरफ से आने वाले् पानी का नाला् है । जिसके कारण भारी बारिश के चलते जहा एक और नदी उफान पर आई वही दुसरी तरफ पारा नगर की और बह कर आये पानी ने विकराल रुप लेलिया ्।चौकी निर्माण मे दूरदर्शिता की कमी राणापुर रोड पर शासकीय भूमि पर् लाखो की लागत से निर्मित हुई चौकी पर् विभागीय इन्जीनियर की दूरदर्शिता की कमी लगती हैं । इन्जीनियर ने चौकी निर्माण का् जो नक्शा पास किया वह शुरू से ही शंकास्पद था ् । पहला तो नगर से इतनी दूर की जहा आम आदमी् को पहुचने मे देरी लगे। वही अगर गांव मे कुछ झगड़ा् फसाद हो जावे तो पुलिस को खबर भी नही लगे और पानी जब हद से गूजर जाए तब पुलिस मौके पर पहुचे। दुसरा जो नक्शा स्वीकृत किया वह भी पुरे प्लाट के अन्तिम छोर पर और नदी के समीप वाले स्थान पर जहा से नदी सिर्फ् 30 फिट की दूर है । ऐसे मे क्या इन्जीनियरो को इस बात का जरा भी अन्देशा नही हूआ की बारिश मे भरी मात्रा मे नदी का पानी चौकी परिसर मे आयेगा जिससे हालत बिगडे गे। तीसरा नदी के दुसरे छोर पर शमशान का होना। वह भी उचित नही है । शमशान पर जब भी किसी मृतक का अन्तिम संस्कार होता है । शव जे जलने की दुर्गन्ध के साथ धुआँ् भी सिधे चौकी मे पहुचता है । ऐसे मे चौकी परिसर मे कर्मचारियो को बेठने मे काफी परेशानी होती हैं । हालांकी छोटा क्षेत्र होने से अन्तिम संस्कार कभी कभी ही होते हैं पर् जब भी होते हैं परेशानी तो होती है ।

# रामानंद बालिका इन्टर कॉलेज में 352 छात्राओं व प्रधानाचार्या रीता दुबे ने भी खाई फाइलेरिया से बचाव की दवा

क्यूँ न लिखूँ सच -अरविंद शुक्ला

फर्रुखाबाद। फाइलेरिया लाईलाज बीमारी है इसका इलाज सिर्फ वर्ष में एक बार खिलाई जाने वाली दवा से ही हो सकता है इसके लिए हमें स्वास्थ्य कार्यकर्ता द्वारा दी जाने वाली दवा का सेवन करके ही करना है यह कहना है उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ राजेश माथुर का द्य डॉ माथुर ने कहा कि अभी जिले में माप अप राउंड चल रहा है इस दौरान छूटे हुए लोगों को दवा खिलाई जा रही जिन लोगों ने किसी भी कारण से दवा का सेवन न किया हो तो अपने नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र पर या स्वास्थ्य कार्यकर्ता से लेकर कर लें द्य है इसी क्रम में आज शहर के रामानंद बालिका इन्टर कॉलेज में 352 छात्राओं और रामानंद बालक इंटर कालेज में 89 छात्रों को बूथ लगाकर फाइलेरिया से बचाव की दवा का सेवन कराया गया द्य इस दौरान रामानन्द बालिका इन्टर कॉलेज की प्रधानाचार्या रीता दुबे ने कहा कि मैंने आज लगे बूथ पर दवा का सेवन किया है मुझे कुछ नहीं हुआ आप लोग भी इस दवा का सेवन करें इस दौरान पीसीआई से अनुपम मिश्र, रामानन्द बालक इंटर कालेज के प्रधानाचार्य धर्मवीर सिंह, रामानन्द बालिका इन्टर कालेज की शिक्षिका दीपावली कुमार स्वास्थ्य कार्यकर्ता महेंद्र, मनोज असलम, अनिल, गजराज, अरुण, अरविंद, यूनुस, राजन, ऋषि, सहित अन्य लोग मौजूद रहे द्य



# भगौतीपुर गांव पहुंच भीम आमह्न पक्षाधिकारियों ने सांत्वना दे पीड़ित परिवार को दिया मदद का भरोसा

क्यूँ न लिखूँ सच -अरविंद शुक्ला

फर्रुखाबाद/कायमगंज। भीम आर्मी व जय भीम संगठन के दर्जनों पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता भगौतीपुर गांव में पीड़ित परिवार से मिलने उनके घर पहुंचे। जहां उन्होंने परिवार को हर संभव मदद कर भरोसा दिया। उनका कहना है कि वह शासन व प्रशासन से मुआवजे की मांग करेंगे। भीम आर्मी जय भीम संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनजीत सिंह नौटियाल दर्जनों कार्यकर्ताओं के साथ घसिया चिलौली स्थित बाबा साहब अंबेड़कर प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष पीड़ित परिवार से मिलने गांव पहुंचे। जहां उन्होंने पीड़ित परिवार से भेंट की। पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाया और हर संभव मदद का आश्वासन दिया। युवतियों के पिता के घर् पर मौजूद न होने पर परिजनों ने पिता की बात फोन पर राष्ट्रीय अध्यक्ष से कराई। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने पीड़ित परिवार से कहा कि वह शासन व प्रशासन से मुआवजे की मांग करेंगे। न्याय की इस लड़ाई में उनका संगठन परिवार के साथ है। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष प्रबल प्रताप, कन्नौज जिला अध्यक्ष अजीत आजाद, जिलाध्यक्ष वीरेश गौतम, गौतम धानुक, आलोक आजाद, रीतेश धानुक व राजू धानुक आदि मौजूद रहे।कास कुमार आदि उपस्थित रहे।

# बाराबंकी में जंगली जानवर के हमले में तीन लोग जख्मी, ग्रामीणों का दावा- भेड़िए ने किया था हमला

ग्रामीणों का कहना है कि उन पर भेड़िए ने हमला किया था जबकि वन विभाग का कहना है कि सियार ने हमला किया था। जानवर ने महिला के चेहरे को नोच लिया और उसकी एक अंगुली काट ली।बाराबंकी जिले के थाना जैदपुर इलाके में नहर किनारे बकरी चराने गई दो बच्चियों पर जंगली जानवर ने हमला कर दिया।

हमले में एक को गंभीर चोटें आईं। वहीं, पड़ोस के बोजा गांव में एक ग्रामीण भी जंगली जानवर के हमले में घायल हुआ। ग्रामीणों की ओर से भेड़िए द्वारा हमला किए जाने की आशंका जताई जा रही है। हालांकि वन विभाग सियार का हमला होने की बात कह रहा है। फिलहाल कांबिंग की जा रही है।थाना जैदपुर क्षेत्र के गोछौरा गांव के अहमद अली की पुत्री रिजवाना ( 10 ) व सब्बीर की पुत्री चांदनी ( 15 ) मंगलवार की सुबह करीब 11 बजे गांव से करीब 400 मीटर दूर चंदौली माइनर किनारे बकरी चराने के लिए गई थीं। इस दौरान जंगली जानवर ने दोनों पर हमला बोल दिया। जानवर ने रिजवाना के चेहरे को नोच लिया और उसके एक हाथ की अंगुली काट ली। चांदनी ने शोर मचाया तो जानवर ने उसके पैर में नोच लिया। शोर सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक जानवर भाग चुका था।आनन-फानन परिजन रिजवाना को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सतरिख लेकर गए, जहां से उसे जिला अस्पताल भेजा गया। यहां रिजवाना का इलाज चल रहा। घायल चांदनी के मुताबिक बकरी के आकार का जानवर था। ग्रामीण भेड़िया होने की आशंका जता रहे हैं। ऐसे में ग्रामीणों में दहशत व्याप्त है। ग्रामीणों का कहना है कि वन विभाग व पुलिस की टीम रात में भी गांव में रुके। उधर, पड़ोस के बोजा गांव के महादेव ( 45 ) को भी जंगली जानवर ने हमला कर जख्मी किया है। सूचना पर वन दारोगा सचिन पटेल, एसआई आलोक कुमार सिंह पुलिस व वन कर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे और छानबीन की। फिलहाल गोछौरा, बोजा, टिकरा, चंदौली, पनिहल, बलछठ आदि गांवों में जंगल की ओर कांबिंग की जा रही है।

# आपत्तिजनक अवस्था मे महिला का शव मिलने से मची सनसनी

क्यूँ न लिखूँ सच -नीरज कुमार

कालपी( जालौन ) मंगलवार को कालपी कोतवाली क्षेत्र के उसरगांव में खेतों में नग्न अवस्था में 22 वर्षीया महिला का शव मिलने से गांव में सनसनी मच गयी।कई घंटों की कोशिश के बाद पुलिस ने शव की शिनाख्त कराई ली है। कोतवाली कालपी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर के जांच शुरू कर दी गई है। प्राप्त खबर के अनुसार हाइवे किनारे स्थित ग्राम उसरगांव में मसगांव रोड पर स्थिति गौशाला से लगभग छै सौ मीटर की दूरी पर एक खेत में नग्न अवस्था में महिला का शव पड़ा था। चरवाहों ने देखा और उक्त जानकारी ग्राम प्रधान प्रतिनिधि को दी जिनकी सूचना पर पहुचें पुलिस क्षेत्राधिकारी डॉ देवेंद्र कुमार पचौरी, कोतवाली प्रभारी कालपी नागेन्द्र पाठक,ज्ञान भरती चौकी प्रभारी जितेंद्र सिंह के द्वारा आस पास का जायजा लेकर शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए उरई भेज दिया। मौके पर पहुंची पुलिस टीम तथा ग्रामीण शव की शिनाख्त करने में जुट गये।कई घंटों के प्रयास के बाद मृतक महिला के शव की शिनाख्त उसरगांव निवासी कुंवर सिंह की पुत्री के रूप में की गई है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि घटना दो 2-3 पुरानी हो सकती है। क्योंकि लाश से बदबू आ रही थी। मौके पर पूर्व बिधायक नरेन्द्र सिंह जादौन जो कि उसरगांव के ही है सहित सैकड़ो ग्रामीण एकत्र हो गये। महिला के साथ गलत काम करने के बाद हत्याकर शव को खेत में फैकने की आशंका व्यक्त की जा रही है।कर घटना के जल्द खुलाशे की बात कही! फिलहाल खबर लिखे जाने तक मृतक महिला की शिनाख्त नहीं हो पाई है ! क्षेत्राधिकारी ने कहा कि महिला के पास घटना स्थल पर मिले सामान को ऐकत्र कर जांच के लिए भेजा जा रहा है। पोस्टमार्टम के बाद पता चलेगा घटना कब की है !फिलहाल जो वैधानिक कार्यवाही होती है की जा रही है। ज्ञान भारती चौकी इंचार्ज जितेंद्र सिंह के मुताबिक मृतक महिला अर्ध दीक्षित तिथि तथा अपने पिता के घर में रह रही थी पारिवारिक जनों के द्वारा मुकदमा दर्ज कराया गया है उन्होंने कहा कि इस मामले का जल्द खुलासा किया जाएगा।



# स्वास्थ्य केंद्र को कूड़ाघर बना देखकर हुए भौंचक्के सांसद मुकेश राजपूत

क्यूँ न लिखूँ सच -अरविंद शुक्ला

पितौरा रेलवे क्रॉसिंग के पास अधेड़ उम्र के किसी व्यक्ति का शव पड़ा हुआ देखा गया मृतक की शिनाख्त क्षेत्र के गाँव नगला नट मजरा सलेमपुर दूँदेमई निवासी गंगाराम पुत्र सरदार के नाम से हुई मृतक की शराब पीने की लत से परेशान हो पत्नी भी छोड़कर चली गई थी एक शौंच क्रिया के लिए आए ग्रामीण ने पोल संख्या 166/18 व 166/19 के बीच एक अधेड़ उम्र के व्यक्ति का शव जैसे ही देखा , उन्होंने इसकी सूचना वहीं रेलवे क्रासिंग पर ड्यूटी कर रहे गेट मैन प्रमोद कुमार को दी। सूचना पर गेट मैन प्रमोद कुमार मौके पर पहुंचा और मामले की जानकारी उच्च अधिकारियों को दी। पॉइंटमेन रवि कुमार ने एक मेमो कोतवाली पुलिस व आरपीएफ को भेजा। । सूचना पर कस्बा चौकी प्रभारी विद्यासागर तिवारी, उप निरीक्षक नितिन कुमार फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। आरपीएफ एसआई ओम प्रकाश सिंह व आजाद कुमार विश्वकर्मा भी घटना स्थल पर पहुंचे और घटना स्थल का निरीक्षण कर जांच पड़ताल की। घटना स्थल पर ग्रामीणों की काफी भीड लग गई। इन्हीं ग्रामीणों में से किसी ने मृतक की पहचान क्षेत्र के गांव नगलानट मजरा सलेमपुर दूदेमई निवासी गंगाराम पुत्र सरदार के रूप में की। घटना की सूचना पुलिस द्वारा परिजनों को दी गई । मौके पर पहुंचे परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल था ।बताया गया है कि 56 बर्षीय मृतक गंगाराम शराब पीने का आदी था। बीती शाम वह अपने पड़ोसी रत्नेश यादव निवासी गांव गुरुदयाल नगला के समरसेबल पर नहीं पहुंचा तो उसकी खोजबीन की गई ।लेकिन वह नहीं मिला। मृतक इसी समरसेविल पर ज्यादातर समय रहता था । परिजनों ने बताया कि मृतक गंगाराम तीन भाई थे । जिनमें यह सबसे छोटा था । बड़े भाई सूरजपाल जीवित है । जबकि मझले भाई की पहले ही मौत हो चुकी है । गंगाराम की लगभग 30 वर्ष पूर्व शादी हुई थी। लेकिन शराब की लत से परेशान हो पत्नी उसे छोड़कर चली गई थी । तब से वह अपने घर पर अकेला ही रह रहा था ।अभी कुछ समय से वह गुरुदयाल नगला निवासी रत्नेश यादव की समरसेबल पंप पर ही रहकर अपना जीवन यापन करता था। कोतवाली कायमगंज पुलिस ने शव पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। अनुमान लगाया जा रहा है कि शराब के नशे में रात किसी समय रेलवे ट्रैक क्रॉस करते समय गंगाराम ट्रेन की चपेट में आ गया होगा। जिससे उसकी जीवन लीला समाप्त हो गई






# नगर के सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में विभागीय विज्ञान मेले का आयोजन

क्यूँ न लिखूँ सच -राकेश गुप्ता

